उत्तर प्रदेश शासन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1
संख्याः- 2561 /छिहत्तर-1-2021-12सम/2021टी.सी.
लखनऊःदिनांक 17 सितम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञाप

विधायी अनुभाग की अधिसूचना संख्या-800/79-वि-1-21-1-क-29-21, दिनांक 24.08.2021 द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश जल सम्भरण एवं सीवर व्यवस्था (संशोधन) अधिनियम, 2021 के प्राविधानानुसार उ0प्र0 जल निगम के उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) तथा उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के रूप में विभाजन के उपरान्त कार्मिकों का उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) तथा उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) में आवंटन किया गया है। नगर विकास विभाग की अधिसूचना संख्या-1770/9-3-21-5सी/2021, दिनांक 09-09-2021 द्वारा उक्त संशोधित अधिनियम के प्राविधानों को दिनांक 09-09-2021 से प्रवृत्त किया गया है। तदन्तर नगर विकास अनुभाग-3 के कार्यालय आदेश संख्या-1837/9-3-2021, दिनांक 16 सितम्बर, 2021 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा उत्तर प्रदेश जल सम्भरण एवं सीवर व्यवस्था अधिनियम, 1975 यथासंशोधित 2021 की धारा-37 (1) के प्राविधानानुसार उत्तर प्रदेश जल निगम के मुख्यालय (पूर्ववर्ती) पर विभिन्न संवर्गो में कार्यरत कार्मिकों का उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) तथा उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के मध्य विभाजन संलग्न परिशिष्ट-1 की सूची के अनुसार किया गया है।

2- अतएव मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 07 सितम्बर, 2021 में लिए गए निर्णय एवं नगर विकास विभाग के उक्त संदर्भित कार्यालय आदेश दिनांक 16 सितम्बर, 2021 के आलोक में उत्तर प्रदेश जल निगम के मुख्यालय (पूर्ववर्ती) पर विभिन्न संवर्गो में कार्यरत एवं उपरोक्त सूची में उल्लिखित कार्मिकों में से उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) हेतु आंवटित कुल 176 कार्मिकों को उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) में एतदद्वारा समाहित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

अच्छे लाल सिंह यादव
विशेष सचिव

संख्याः 2561(1)/छिहत्तर-1-2021, तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- निजी सचिव, मा0 जल शक्ति मंत्री, उत्तर प्रदेश।
2- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- अपर मुख्य सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- प्रबंध निदेशक, पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश जल निगम, सम्प्रति उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), उ0प्र0।
8- प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
9- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
10- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
उप सचिव

D:\2019\Sunil sir Work\UO Mangal.docx